सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 138 | इंदौर, मंगलवार 02 दिसंबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए




इंदौर में विरासत को मिली नई पहचान

# गीता भवन का लोकार्पण

## इतिहास के साथ धर्म का मिलेगा ज्ञान, काले पत्थरों से निर्मित मंदिर में बहुत कुछ खास




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। **सोमवार को इंदौर के राजवाड़ा परिसर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में मुख्यमंत्री मोहन पहुंचे। मोहन यादव ने गीता भवन गोपाल मंदिर में नव निर्मित गीता भवन लाइब्रेरी और नए सभागार का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने गोपाल मंदिर में दर्शन किए और गीता भवन सभागार में चल रहे कार्यक्रम में शिरकत करके अपने विचार रखे.**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन और इंदौर के गोपाल मंदिरों का अपना गौरवशाली इतिहास है और दोनों मंदिरों में स्थित चांदी के द्वार हमारी सांस्कृतिक धरोहर का महत्वपूर्ण प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि माँ अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर में सनातन संस्कृति को सशक्त रूप से स्थापित किया और काशी विश्वनाथ से लेकर गया के विष्णुपद मंदिर तक अनेक मंदिरों का निर्माण कराया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में शिक्षा ग्रहण की, जो मालवा के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि गीता का हर अध्याय जीवन दर्शन का सार है और भक्ति, ज्ञान व कर्म का मार्ग मोक्ष की ओर ले जाता है मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री ने बताया कि गीता जयंती के अवसर पर लोकार्पित गीता भवन में धार्मिक प्रवचन और समसामयिक विषयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत यह लोकार्पण हुआ है और अत्यंत लोकप्रिय गोपाल मंदिर को यह बड़ी सौगात मिली है। काले पत्थरों से निर्मित इस मंदिर परिसर में अब लाइब्रेरी, कलाकृतियाँ, श्रीकृष्ण से संबंधित श्लोक और आधुनिक सभागार उपलब्ध होगा, जहां कृष्ण भक्तों को आध्यात्मिक शांति और अध्ययन का अवसर मिलेगा।

इस आयोजन में एक रिकॉर्ड भी बना, जब पूरे प्रदेश में तीन लाख से अधिक बच्चों ने गीता के अध्यायों का सामूहिक पाठ किया। इस अवसर पर संस्कृति विभाग द्वारा विभिन्न श्रेणियों में कुल 88 लाख रुपए के पुरस्कार भी वितरित किए गए।

● एमपी में नवंबर वाली सर्दी ने तोड़े रिकॉर्ड

# अब दिसंबर की बारी, 5-6 दिसंबर से कड़ाके की ठंड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी**। मध्य प्रदेश में अब ठंड का असली दौर शुरू होने जा रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक 5 या 6 दिसंबर से प्रदेश में शीतलहर की एंट्री हो जाएगी। उत्तरी पर्वत क्षेत्रों में नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस सक्रिय होगा, जिसके चलते वहां बर्फबारी बढ़ेगी और उसी का असर ठंडी हवाओं के रूप में एमपी तक पहुंचेगा। अगले तीन दिनों में रात का तापमान 2 से 3 डिग्री की और गिरावट दर्ज हो सकती है।वभोपाल और इंदौर समेत राज्य के 6 जिलों में रविवार-सोमवार की रात पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया। इंदौर सर्वाधिक ठंडा रहा, जहां न्यूनतम तापमान 8.2C दर्ज हुआ। भोपाल में 9.4C, जबलपुर 11.8C, और ग्वालियर-उज्जैन में 12C रहा। प्रदेश का सबसे ठंडा स्थान रहा पचमढ़ी, जहां तापमान 6.8C दर्ज किया गया। सोमवार को अधिकतम तापमानों में भी गिरावट दर्ज की गई। मलाजखंड 23.7C के साथ सबसे ठंडा रहा। पचमढ़ी, शिवपुरी, सिवनी, बैतूल, भोपाल, धार, रीवा सभी जिलों में अधिकतम तापमान 24-26 डिग्री के बीच रहा।

भोपाल में इस बार लगातार 15 दिन शीतलहर चली यह 1931 के बाद सबसे लंबा शीतलहर काल है। 17 नवंबर की रात पारा 5.2C पहुंच गया, जो पिछले 80 साल में सबसे कम था। इंदौर में भी 25 साल बाद पारा 6.4C तक लुढ़का। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन के अनुसार उत्तर भारत में नवंबर की शुरुआत में ही भारी बर्फबारी शुरू हो गई थी। जैसे ही हवा की दिशा उत्तर-पश्चिम हुई, ठंडी हवाएं सीधे मध्य प्रदेश में दाखिल हो गईं। जैसे मानसून में जुलाई-अगस्त सबसे ज्यादा प्रभावी रहते हैं, वैसे ही सर्दियों में दिसंबर और जनवरी ठंड का पीक सीजन होते हैं। इन्हीं दो महीनों में उत्तरी हवाएं सबसे ज्यादा सक्रिय रहती हैं और तापमान सबसे तेज गिरता है। पश्चिमी विक्षोभ के एक्टिव होने से दिसंबर में मावठा (हल्की सर्दी की बारिश) भी होती है, जिससे दिन की ठंड और बढ़ जाती है। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस बार कोल्ड वेव का असर लंबे समय तक रहेगा। जनवरी में कई जिलों में 20 से 22 दिनों तक शीतलहर देखने को मिल सकती है।

# 187 नाबालिग गर्भवती, बाल विवाह और पॉक्सो एक्ट पर उठे सवाल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (निप्र)

**इंदौर। अस्पतालों में इन दिनों 18 साल से कम उम्र की गर्भवतियां बड़ी संख्या में पहुंच रही हैं। ये नाबालिग आसपास के जिलों धार, झाबुआ, आलीराजपुर, खंडवा, खरगोन, बुरहानपुर से यहां गर्भपात और प्रसव के लिए आ रही हैं। सालभर में ही शहर के अस्पतालों में 435 सोनोग्राफी फॉर्म एफ की रिपोर्ट हुई, जिनमें उनकी उम्र 18 साल से कम थी। चौंकाने वाली बात यह है कि इनमें से 187 गर्भवती निकलीं।। इनकी उम्र मात्र 14 से**



**17 वर्ष थी।**

जिला प्रशासन की रिपोर्ट में यह चौकाने वाला खुलासा हुआ है। इसे लेकर इंदौर की बाल कल्याण समिति ने महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त और कलेक्टर को पत्र लिखा है। समिति ने उनसे तुरंत जांच कर एक्शन लेने के लिए भी कहा है। दरअसल, नाबालिग लड़कियों को अलग-अलग रास्तों से इंदौर लाया जा रहा है और यहां उनकी सोनोग्राफी और गर्भपात हो रहा है। यह सब बिना किसी सूचना और तय प्रक्रिया के हो रहा है, जबकि नियमानुसार पुलिस प्रशासन और बाल कल्याण समितियों को सूचना देना जरूरी है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के अनुसार मध्यप्रदेश में 20 से 24 वर्ष की 23% महिलाओं का विवाह 18 वर्ष से पहले हो जाता है, जिससे कम उम्र की गर्भावस्था बढ़ रही है। इंदौर जिला एडवायजरी बोर्ड की रिपोर्ट में 16-17 वर्ष की गर्भवती लड़कियों के मामले मिले हैं, जिनके दस्तावेजों में पति का नाम भी दर्ज है, यानी बाल विवाह की आशंका है। समिति अध्यक्ष डॉ. धर्मेंद्र पंड्या के मुताबिक अस्पतालों ने इन मामलों की सूचना नहीं दी, जो पॉक्सो और किशोर न्याय अधिनियम का उल्लंघन है।

## गीतानुरागियों और स्कूली बच्चों ने एक साथ किया सामूहिक गीता स्वाध्याय और प्रेरणागीत का गायन किया

# श्रीमद गीता भगवान से मित्रता का पाठ पढ़ाती है : स्वामीश्री रामदयाल महाराज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश में एक दिसम्बर को गीता जयंती महोत्सव मनाया गया। इंदौर के बॉस्केटबॉल कॉम्पलेक्स में गीता एकादशी पर भव्य रूप में गीता महोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न शासकीय/अशासकीय स्कूलों के 4500 से अधिक गीतानुरागियों व बच्चों ने सामूहिक गीता स्वाध्याय और प्रेरणागीत का गायन किया। कार्यक्रम में महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम आयुक्त दिलीप कुमार यादव, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती शांतास्वामी भार्गव, अंतर्राष्ट्रीय रामस्नेही सम्प्रदाय के स्वामीश्री जगतगुरू रामदयाल महाराज, बाबा साहब डॉ. प्रदीप तराणेकर, स्वामी सुश्री परमानंदा, स्वामीश्री ऐश्वर्यानंद विशेष रूप से शामिल हुए।**



कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों ने योगेश्वर श्रीकृष्ण के उपदेश पर आधारित पुरुषोत्तम योग श्रीमद्भगवद् गीता पुस्तक का लोकार्पण किया। अपने संबोधन में स्वामीश्री जगतगुरू रामदयाल महाराज ने कहा कि आज प्रदेश में दीवाली जैसा उत्सव है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर आज जगह-जगह गीता जयंती उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सामूहिक गीता स्वाध्याय के साथ प्रेरणा गीत का गायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि गीता गुरु और शिष्य का संवाद है। गीता अनंत समस्याओं का समाधान है। गीता एक ऐसी मास्टर चाबी है, जिससे ताला रूपी सभी समस्याओं का समाधान मिल जाता है। गीता हमें भगवान से मित्रता का पाठ पढ़ाती है। गीता हमें अज्ञान से, पाप से मुक्ति दिलाती है। उन्होंने कहा कि हमें अर्जुन बनना है जो योगेश्वर श्रीकृष्ण से मित्रता करें। महाभारत युद्ध में भगवान श्रीकृष्ण द्वारा ही अर्जुन को गीता रूपी उपदेश दिए थे। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी समय का मूल्य पहचाने, समय से बड़ा धन दूसरा कोई नहीं है। एक-एक क्षण का सदुपयोग करें। भारत एक ऐसा देश है, जहाँ उसे माँ कहा गया है। इसलिए हम भारत माता की जय का उद्घोष करते हैं। एक दिन भारत विश्वगुरु बनेगा। बाबा साहब डॉ. प्रदीप तराणेकर ने गीता के पुरुषोत्तम योग की व्याख्या करते हुए कहा कि गीता ब्रह्मविद्या, योग विद्या और वेद विद्या का समुच्चय है। गीता हमें निराशा से आशा की ओर ले जाती है। गीता अंधकार से प्रकाश की ओर प्रशस्त करती है। गीता में ज्ञान और विज्ञान दोनों समाहित है। जो ऊर्जा सूर्य में हैं और जो शीतलता चन्द्रमा में हैं, वहीं ऊर्जा गीता में भी है। मानव जीवन की सबसे बड़ी औषधि गीता है।

स्वामी सुश्री परमानंदा ने कहा कि गीता विश्व वंदनीय है और यह सबकी माता है जो सबका ध्यान रखती है। हम सब गीता की शरण में जाए। स्वामी श्री ऐश्वर्यानंदजी ने कहा कि गीता श्रीकृष्ण की अमृत वाणी है। सबको गीता का पान करना चाहिए। विश्व गीता प्रतिष्ठान उज्जैन की जानकारी श्री मुरलीदास महन्त ने देते हुए कहा कि इस प्रतिष्ठान की स्थापना वर्ष 1997 में आचार्य रमेश कुमार पाण्डे ने उज्जैन में की थी। कार्यक्रम में विश्व गीता प्रतिष्ठान उज्जैन की सुश्री विजया ढमढेरे, ओम नम्र, श्रीमती संगीता विनायका सहित विभिन्न विद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षक एवं संतगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनयना शर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन गीता जी की आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

## जिले में मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य तेज गति से जारी-निर्धारित समय से पूर्व होगा लक्ष्य पूर्ण

- भारत निर्वाचन आयोग के सचिव ने की इंदौर जिले में हो रहे कार्यों की सराहना की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर। भारत निर्वाचन आयोग के सचिव श्री विनोद कुमार ने इंदौर जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि इंदौर में यह अभियान पूर्ण पारदर्शिता, टीम भावना, गुणवत्तापूर्ण कार्यप्रणाली तथा तकनीक के प्रभावी उपयोग के साथ तेजी से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि इसी गति से कार्य जारी रहा तो इंदौर जिला अपने निर्धारित लक्ष्य को समय सीमा के भीतर अवश्य प्राप्त कर लेगा।**

श्री विनोद कुमार आज कलेक्टर कार्यालय इंदौर में आयोजित समीक्षा बैठक में विधानसभा-वार प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इंदौर में किए जा रहे नवाचार अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक हैं। बैठक में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री नवजीवन विजय पवार, सहायक उप जिला निर्वाचन अधिकारी तथा संयुक्त कलेक्टर श्री अजीत श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सचिव श्री विनोद कुमार ने बूथ लेवल अधिकारियों और सुपरवाइजर से भी सीधी बातचीत की। उनसे क्षेत्रवार प्रगति, अनुभव और समस्याओं की जानकारी ली तथा समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक विधानसभा क्षेत्र के सफल नवाचारों को अन्य क्षेत्रों में भी अपनाया जाए, जिससे अभियान और अधिक प्रभावी हो सके। उन्होंने बताया कि पिछली बैठक में प्रगति अपेक्षाकृत कम दिखाई दे रही थी, लेकिन अल्प समय में इंदौर ने जिस गति और गुणवत्ता के साथ कार्य किया है, वह वाकई प्रशंसनीय है। उन्होंने कहा कि इतना बेहतर परिणाम मिलेगा, यह विश्वास नहीं था। इंदौर जिले में उत्कृष्ट प्रगति दिखाई दे रही है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध लक्ष्य पूर्ति के लिए अधिकतम प्रयास करने के निर्देश भी दिए। सचिव श्री विनोद कुमार ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए इसे गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ पूर्ण किया जाना आवश्यक है।

# एमवाय : 50 वर्षीय महिला के पेट से निकालीं 15 किलो की दो गठानें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एमवाय अस्पताल में एक ऐसी चिकित्सकीय सफलता दर्ज हुई, जिसने न केवल चिकित्सा जगत को प्रेरित किया, बल्कि मानवीय जज्बे और डॉक्टरों की समर्पित टीमवर्क की मिसाल भी पेश की। खरगोन जिले के ग्राम दबिया की 50 वर्षीय मसाली बाई पिछले कई महीनों से पेट दर्द और असहजता से जूझ रही थीं। एमवाय अस्पताल के सर्जरी विभाग में जाँच करने पर पता चला कि उनके पेट में दो बड़ी गठानें हैं। यह स्थिति न केवल असामान्य थी बल्कि जीवन के लिए खतरा थी। मामला चुनौतीपूर्ण था, लेकिन विभागाध्यक्ष डॉ. अरविन्द शुक्ला और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. सोमेन भट्टाचार्जी और उनकी टीम डॉ. अविनाश गौतम, डॉ. उपेन्द्र पाण्डेय, डॉ. रामेंद्र गुर्जर और अन्य जूनियर चिकित्सकों ने अत्यंत सावधानी, कौशल और सटीक योजना के साथ सफल ऑपरेशन को अंजाम दिया और लगभग 15 किलो की दो गठानें निकाली गईं। मसाली बाई के पेट से दोनों बड़ी गांठों को सफलतापूर्वक निकाल दिया गया और उनकी जान बच गई।



सफल ऑपरेशन के बाद आज उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। यह सफलता एमवाय हॉस्पिटल की टीम की प्रतिबद्धता, विशेषज्ञता और मानवीय सेवा का एक प्रेरक उदाहरण बनकर सामने आई है।

## रोजगार मेला सम्पन्न- 187 युवाओं का नौकरी के लिये हुआ चयन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इन्दौर।** मध्यप्रदेश शासन और जिला प्रशासन के निर्देशानुसार बेरोजगार आवेदको को एक छत के नीचे रोजगार और स्वरोजगार देने के उद्देश्य से जिला रोजगार कार्यालय इंदौर द्वारा प्रधानमंत्री अटल बिहारी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय में आज युवा संगम कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय रोजगार मेले (युवा संगम) का आयोजन किया गया। आयोजित युवा संगम कार्यक्रम में कुल 21 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने 187 युवाओं का चयन विभिन्न रिक्त पदों की पूर्ति के लिये किया। इस रोजगार मेले में कुल 304 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। इनमें 72 युवतियां तथा 232 युवा शामिल है। युवक व युवतियों का प्रारंभिक रूप से चयन फार्मासिस्ट.एचआर,सेल्स एक्जीकेटिव, डिजिटल मार्केटिंग, टेलीकॉलर, बेक ऑफिस, ट्रेनी, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रिशियन, टर्नर आपरेटर आदि पदों के लिए किया गया।



**बिजली कंपनी के उर्जस एप ने दिया धोखा**

# उपभोक्ता नहीं कर पाए बिलों का भुगतान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। बिजली कंपनी ने उपभोक्ता के लिए नए नए एप तो लांच कर दिए है, लेकिन समय-समय पर वे अपग्रेड नहीं होते और इसका खामियाजा उपभोक्ता को भुगतना पड़ रहा है।**

इंदौर में छह लाख से ज्यादा बिजली उपभोक्ता है। उनमें से ज्यादातर ऑनलाइन बिल जमा करते है और इसके लिए कंपनी के उर्जस एप का इस्तेमाल करते है। रविवार को एप से बिलों का भुगतान नहीं हो पाया और उपभोक्ता परेशान होते रहे। बिल जमा नहीं करने पर पेनल्टी भी लगने का डर सता रहा है। उर्जस एप के बाद पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी ने घरों में बिल भेजना भी बंद कर दिए है। एप पर ही उपभोक्ता बिजली बिल भर देते है। बिल समय पर जमा नहीं करने पर बिजली भी कट जाती है। उपभोक्ताओं का कहना है कि इस एप पर बिलों के भुगतान के अलावा शिकायत दर्ज कराने, लोड बढ़ाने सहित अन्य आवेदनों की सुविधा भी दी गई है, लेकिन आवेदन करने के बाद भी बिजली जोन के चक्कर काटना पड़ते है,क्योंकि एप पर भेजी गई रिक्वेस्ट संबंधित जोनों तक भेजने में समय लगता है। रविवार को एप से बिल का भुगतान नहीं होने से परेशान उपभोक्तागणों ने भी इस मामले में शिकायतें की। अफसरों का इस बारे में कहना है कि कभी-कभी सर्वर डाउन होने के कारण दिक्कत आ जाती है, लेकिन उसका त्वरित हल कर दिया जाता है। कई बार एप अपटेड न होने पर कुछ उपभोक्ता शिकायत करते है।

**कोर्ट पहुंचा मामला**

# आईएएस संतोष वर्मा की बढ़ी मुश्किलें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। इंदौर कोर्ट में IAS ऑफिसर संतोष वर्मा के खिलाफ ब्राह्मण समुदाय के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी के लिए शिकायत दर्ज कराई गई है। वर्मा मध्य प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ (AJAKS) के नए प्रेसिडेंट हैं।**

वकील शैलेंद्र द्विवेदी ने बताया कि उन्होंने वर्मा के खिलाफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास (JMFC) कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई है। द्विवेदी ने बताया कि शिकायत पर उनकी दलीलें सुनने के लिए 4 दिसंबर की तारीख तय की गई है।

द्विवेदी ने कहा, 'मैं ब्राह्मण समुदाय से हूं और वर्मा की आपत्तिजनक टिप्पणी से मुझे बहुत दुख हुआ है। मैंने कोर्ट से रिक्वेस्ट की है कि वह पुलिस को इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस ऑफिसर के खिलाफ केस दर्ज करने और जांच रिपोर्ट फाइल करने का आदेश दे।' शिकायत के मुताबिक, वर्मा ने पिछले महीने भोपाल में AJAKS के एक इवेंट के दौरान ब्राह्मण समुदाय की बेटियों के बारे में 'अश्लील और घटिया कमेंट' किया, जिससे सामाजिक सौहार्द को नुकसान पहुंचा और दो समुदायों के बीच दुश्मनी पैदा हुई। 26 नवंबर को, MP जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने वर्मा को कारण बताओ नोटिस जारी कर पूछा कि इस कमेंट के लिए उनके खिलाफ डिसिप्लिनरी एक्शन क्यों न लिया जाए। विवाद बढ़ने के बाद, वर्मा ने मीडिया को बताया कि उनके लंबे भाषण का एक छोटा सा हिस्सा चुनिंदा तरीके से दिखाया गया था और उनका किसी भी समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का कोई इरादा नहीं था। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी समुदाय को इस 'तोड़-मरोड़कर और गलत तरीके से पेश किए गए' बयान से बुरा लगा है, तो वह खेद जताते हैं।

**●जीजा से हुई थी कहासुनी**

# गैरेज संचालक ने लगाई फांसी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नयापुरा में रहने वाले एक गैरेज संचालक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने बताया कि उनके जीजा से कहासुनी के बाद इस तरह का कदम उठा लिया। पुलिस ने मामला जांच में लिया है।**

चंदन नगर पुलिस के मुताबिक सिरपुर में रहने वाले शंकर उर्फ खलीफा पुत्र कन्हैयालाल निवासी नयापुरा ने फांसी लगाकर जान दे दी। वह अपनी मां के साथ रहते थे। करीब 12 बजे उनका शव घर में ही फंदे पर लटके मिला। परिचित लोगो ने बताया कि उनकी जीजा से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। इसके बाद वह डिप्रेशन में थे। शंकर की शादी नही हुई थी। उनके परिवार में भाई है जो अलग अपनी पत्नी ओर परिवार के साथ रहते है।

**किसान की हादसे में मौत**

इंदौर से पीथमपुर जा रहे एक किसान की सड़क हादसे में मौत हो गई। रात करीब 9 बजे के लगभग उनकी बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस के मुताबिक हेमराज(30)पुत्र रघुनाथ झोपे निवासी पंधाना अपने ससुराल में इंदौर आया था।

यहां से सिमरोल के रास्ते पीथमपुर जा रहा था। तभी उन्हें अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। इस हादसे में मौके पर ही हेमराज की मौत हो गई। परिवार के मुताबिक पत्नी मायके में ही थी। वहीं परिवार में एक बेटा और छोटा भाई है। माता-पिता पंधाना में ही रहते है।

# दोस्त की बारात में अचानक घबराहट, युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। दोस्त की बारात में रविवार युवक को अचानक घबराहट हुई। वह डीजे की गाड़ी में बैठ गया। हालत बिगड़ने पर दोस्त उसे नजदीकी निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने एमवाय रेफर कर दिया। रात में युवक की मौत हो गई।**



हीरानगर पुलिस के अनुसार, जितेन्द्र (35), पुत्र संतोष सूर्यवंशी निवासी बाणगंगा, अपने दो अन्य दोस्तों के साथ एक दोस्त की शादी में शामिल होने रविवार को चौकसे धर्मशाला पहुंचे थे। अचानक उसे घबराहट महसूस हुई, तो वह डीजे की गाड़ी में बैठ गया। इसके बाद उसे अत्यधिक पसीना आने लगा। दोस्तों ने उसे निहार अस्पताल ले जाया। अस्पताल में ईसीजी जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे एमवाय रेफर कर दिया। करीब आधे घंटे बाद जब दोस्त एमवाय पहुंचे, तो जितेन्द्र बेसुध हो गया। डॉक्टरों ने उसे सीपीआर दी और हार्टबीट जांची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। डॉक्टरों के मुताबिक प्रारंभिक तौर पर हार्ट अटैक की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। जितेन्द्र चेयर बनाने का काम करता था। उसके परिवार में माता-पिता, एक बड़ा भाई और पत्नी हैं।

**पुलिस ने पटवारी समेत 2 लोगों पर की एफआईआर**

# किसान की 4 करोड़ की जमीन पर फर्जी रजिस्ट्री

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। तुकोगंज पुलिस ने एक किसान के साथ हुए फर्जीवाड़े के मामले में एफआईआर दर्ज की है। बताया जाता है कि इस मामले में पटवारी को भी आरोपी बनाया गया है। आरोपियों ने स्टाम्प खरीदकर उस पर हस्ताक्षर किए और किसान की जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कर ली। आरोप है कि 4 करोड़ की जमीन का दस्तावेज 1 करोड़ के मूल्य का दिखाया गया।**





तुकोगंज पुलिस ने विजय भट्ट, निवासी साउथ तुकोगंज की शिकायत पर अनिल बोहरा निवासी ग्राम मोडी तहसील सुसनेर, और पटवारी रामगोपाल रातडिया के खिलाफ करोड़ों की जमीन की धोखाधड़ी करने के मामले में एफआईआर दर्ज की। पुलिस के अनुसार, रामगोपाल पेशे से पटवारी हैं। आरोप है कि उन्होंने अनिल बोहरा के साथ मिलकर 31 दिसंबर 2022 को स्टाम्प नंबर BX942796 अपने नाम से खरीदा। इस स्टाम्प पर ग्राम डोकरपुरा के किसान अब्दुल रईस, पुत्र अब्दुल रशीद, की 3.378 हेक्टेयर कृषि भूमि बेचने का अनुबंध कूटरचित फर्जी दस्तावेज तैयार किया गया। दस्तावेज में जमीन का सौदा 4 करोड़ बताकर केवल 1 करोड़ 1 लाख की राशि का भुगतान किसान को किया जाना दिखाया गया। रुपयों की प्राप्ति को फर्जी साइन के जरिए स्टाम्प पर दर्शाया गया। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की और आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कर पूरी जांच शुरू कर दी।

इसके अलावा, अनिल बोहरा ने एक और फर्जीवाड़ा किया। उसने किसान रईस के नाम से एक और एग्रीमेंट बनाया। इसमें जमीन का हिस्सा अभय और देवेंद्र लुनावत के नाम और दूसरा हिस्सा देवीसिंह और प्रभुलाल के नाम कर दिया गया। जांच में पता चला कि पटवारी रामगोपाल रातडिया इसके परिचित हैं और उनकी पत्नी के फार्म हाउस के कर्मचारी भी इस योजना में शामिल थे। अनिल और रामगोपाल ने मिलकर इस पूरी साजिश को अंजाम दिया। इसमें जमीन का एक और सौदा 2 करोड़ 2 लाख रुपए में किया गया। पुलिस ने पूरे दस्तावेजों की जांच की और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की।

# कार ने बाइक में मारी टक्कर, छात्र की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आजाद नगर क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 22 वर्षीय छात्र की मौत हो गई। घटना हंस ट्रेवल्स ऑफिस के पास की बताई जा रही है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। वह टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

जानकारी के अनुसार सागर जिले के बंदरी निवासी संस्कार तिवारी (22) देर रात अपने दोस्त प्रवीण को भंवरकुआ इलाके से स्पोर्ट्स बाइक पर छोड़ने आया था। ट्रेवल्स ऑफिस के पास रुकने के बाद प्रवीण अपने किसी और दोस्त को फोन कर रहा था। इसी दौरान संस्कार वहां से बाइक लेकर निकलने लगा। जैसे ही उसने टर्न लिया, एक अज्ञात कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बाइक डिवाइडर में जा घुसी और संस्कार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। थोड़ी देर बाद जब प्रवीण ने सड़क पर भीड़ देखी तो वह अपने दोस्त के साथ मौके पर पहुंचा, जहां संस्कार घायल अवस्था में मिला। तुरंत उसे एमवाय अस्पताल ले जाया गया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। संस्कार के दोस्त आयुष ने बताया कि वह अपने दोस्तों से मिलने इंदौर आया था और भंवरकुआ क्षेत्र में दोस्तों के फ्लैट पर रुका हुआ था। परिवार में उसके माता-पिता और एक बड़ा भाई हैं। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार इंदौर पहुंच गया।

# सीएम यादव बोले- गीता हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन के दशहरा मैदान में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 1 से 3 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। सोमवार को सीएम मोहन यादव ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजन में बड़ी संख्या में साधु-संत, स्कूली बच्चे और बटुक शामिल हुए। सुबह करीब 9 बजे सीएम मंच पर पहुंचे और संत रंगनाथाचार्य महाराज का स्वागत किया। इसके बाद पंडितों द्वारा गीता श्लोकों का पाठ हुआ।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम ने गीता और श्रीकृष्ण के आदर्शों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा ने एक साथ शिक्षा ग्रहण की थी, जहां अमीर-गरीब का कोई भेदभाव नहीं था। यह विद्यार्थियों के लिए



महत्वपूर्ण संदेश है। सीएम ने कहा कि गीता एक पवित्र ग्रंथ है, जिसे पाठ्यक्रम में विशेष महत्व दिया गया है। गीता ऐसी पुस्तक है जो हर बच्चे के बस्ते में होनी चाहिए, क्योंकि वास्तविक और प्रैक्टिकल ज्ञान गीता से प्राप्त होता है। सीएम ने आगे कहा कि उन्हें विधानसभा सत्र के लिए रवाना होना है। दोपहर में वे भोपाल में होने वाले गीता महोत्सव में शामिल होंगे और शाम को इंदौर में गीता भवन का लोकार्पण किया जाएगा। शाम 7 बजे दशहरा मैदान में प्रसिद्ध कलाकार पुनीत इस्सर के निर्देशन में जय श्री कृष्ण–गीता सार नृत्य-नाट्य का मंचन होगा। वहीं इंदौर में गीता जयंती के अवसर पर बास्केटबॉल क्लब में गीतानुरागियों द्वारा गीता पाठ किया जा रहा है।

## भरभराकर ढहा पुल, एक की मौत

**रायसेन, एजेंसी।** रायसेन जिले के बरेली–पिपरिया मार्ग (स्टेट हाईवे) पर स्थित नयागांव पुल अचानक ढह गया था। उस समय पुल के ऊपर से गुजर रहीं दो बाइक नीचे जा गिरीं, जिससे एक मजदूर और बाइक सवार चार लोग घायल हो गए। सभी को पहले बरेली सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से गंभीर हालत में उन्हें भोपाल एम्स रेफर कर दिया गया।बरेली एसडीओपी KS मुकाती ने बताया कि भोपाल एम्स अस्पताल में घायल बाइक सवार देवेंद्र धाकड़ ने दम तोड़ दिया है। पुल के नीचे उस समय निर्माण कार्य चल रहा था और छह मजदूर काम कर रहे थे। पुल ढहता देख मजदूरों ने दौड़कर अपनी जान बचाई, हालांकि एक मजदूर मलबे की चपेट में आकर घायल हो गया।

## सिंहस्थ 2028 से पहले संतों में दो फाड़

**उज्जैन, एजेंसी।** सिंहस्थ 2028 के पहले उज्जैन में साधु-संतों के बीच बड़ा मतभेद सामने आया है। रविवार को हुए नाटकीय घटनाक्रम में स्थानीय अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के इस्तीफे के बाद शेव (शैव) और वैष्णव संप्रदाय के अखाड़ों में स्पष्ट तौर पर दो फाड़ हो गए हैं। वैष्णव अखाड़ों ने अलग होकर नया संगठन रामादल अखाड़ा परिषद बनाने की घोषणा कर दी है। साधु-संतों का कहना है कि अब सिंहस्थ से जुड़े किसी भी मुद्दे पर प्रशासन से बातचीत वे शेव अखाड़ों के साथ नहीं करेंगे, बल्कि अपनी अलग बात रखेंगे। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्र पुरी महाराज और महामंत्री हरिगिरि महाराज उज्जैन पहुंचे थे। दोपहर में शिप्रा नदी किनारे दत्त अखाड़े में महंत आनंदपुरी महाराज की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में स्थानीय अखाड़ा परिषद को तत्काल प्रभाव से भंग करने का निर्णय लिया गया।

## फेरों से पहले दूल्हे ने मांगे 20 लाख रुपए

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर में दूल्हे ने फेरे से पहले लड़कीवालों से 20 लाख रुपए की मांग कर डाली। जब दुल्हन पक्ष ने इतने रुपए नहीं होने की बात कही तो दूल्हा बारात समेत मंडप से चला गया। इससे नाराज दुल्हन पक्ष ने सोमवार को छतरपुर-नौगांव रोड पर जाम लगा दिया। पुलिस ने 8 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना ओरछा रोड थाना क्षेत्र में रविवार देर रात की है। जानकारी के मुताबिक, एमबीए छात्रा की शादी छतरपुर देरी रोड निवासी रमेश कुशवाहा के बेटे गौरव कुशवाहा से तय हुई थी। लड़कीवालों ने 10 लाख रुपए देने की बात कही थी। परिवार तिलक और अन्य कार्यक्रमों में करीब 6.5 लाख रुपए नकद और दहेज सामग्री पहले ही दे चुका था। शेष राशि शादी के दौरान दी जानी थी। वरमाला की रस्म पूरी हो चुकी थी, लेकिन जब फेरे पड़ने का समय आया, तो दूल्हा और उसके परिजनों ने अचानक 20 लाख रुपए और देने की मांग कर दी।

## मुख्यमंत्री दो वर्ष के कार्यकाल के मूल्यांकन की तैयारी में जुटे



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपने दो वर्ष के कार्यकाल के मूल्यांकन की तैयारी में जुट गए हैं। मंगलवार से मंत्रियों और विभागों की परफॉर्मेंस समीक्षा का हाई-लेवल दौर शुरू हो रहा है, जो एक सप्ताह तक चलेगा। सीएम प्रत्येक मंत्री से दो साल की उपलब्धियों, कमियों और चुनौतियों का रिपोर्ट कार्ड मांगेंगे।**

सूत्रों के अनुसार इस व्यापक समीक्षा का सीधा असर 15 दिसंबर के बाद होने वाली वरिष्ठ अधिकारियों की पोस्टिंग और मंत्रियों के विभागों में संभावित बदलाव के रूप में दिख सकता है। वर्ष 2026 के लिए प्रशासनिक कसावट और नई रणनीतियों के तहत यह प्रक्रिया की जा रही है। मुख्यमंत्री सभी विभागों से पिछले दो वर्षों में जनता के हित में लिए गए फैसलों का विवरण, उनके क्रियान्वयन की स्थिति और सामने आई समस्याओं की जानकारी लेंगे। साथ ही अफसरों से समाधान और सुधार के सुझाव भी जुटाए जाएंगे। अगले तीन वर्षों के लक्ष्य तय करने के लिए विभागीय अफसरों को विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रजेंटेशन देने के निर्देश दिए गए हैं। मंत्रियों, मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हाई-लेवल मीटिंग का सिलसिला मंगलवार और बुधवार को दिनभर चलेगा। इसके बाद 8 और 9 दिसंबर को खजुराहो में भी दो दिन तक विभागवार समीक्षा बैठकें आयोजित की जाएंगी। सीएम कार्यालय का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया बेहतर शासन, पारदर्शिता और तेज निर्णय क्षमता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की जा रही है।

प्रत्येक मंत्री अपने दो साल के कामकाज का लेखा-जोखा देगा और विभागों की उपलब्धियां बताएगा। अगले तीन साल के लिए विभागों के क्या टारगेट और प्लानिंग है, यह भी बताएंगे। दो साल में जो कमियां सामने आई हैं उसे बताएंगे और निराकरण के उपाय भी बताएंगे। मंत्रियों की खुद के विभाग को आगे बढ़ाने और नंबर वन बनाने की क्या प्लानिंग है, यह भी बताएंगे। जो वर्किंग प्लान बताया जाएगा उसे धरातल पर उतारने के लिए क्या तैयारियां करनी होंगी, इस पर भी बैठक में डिस्कशन होगा।

● पबजी खेलने से रोकने पर

## गला घोंटकर पत्नी को मार डाला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रीवा, एजेंसी।** रीवा जिले के गुढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत गुढ़ कस्बे के वार्ड संख्या 15 में नव विवाहिता का शव उसके घर में मिलने के बाद हड़कंप मच गया। मृतका की पहचान नेहा पटेल के रूप में हुई है। उसके पति पर ही उसकी हत्या करने का आरोप लगा है।

आरोप है कि लगातार दहेज की मांग और पबजी गेम खेलने पर मना करने से विवाद बढ़ा, जिसके बाद पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। पति के दिनभर पबजी गेम खेलने से परेशान होकर पत्नी ने उसे काम करने की सलाह दी, जिससे नाराज होकर उसने अपनी पत्नी की हत्या कर दी। हत्या के बाद अपने साढ़ू को घटना की जानकारी देकर और पत्नी की लाश को कमरे में बंद कर वह फरार हो गया।बताया जा रहा है कि 5 मई 2025 को नेहा की शादी हिंदू रीति रिवाज के अनुसार, गुढ़वा निवासी रंजीत से हुई थी। छह माह पहले अग्नि के सात फेरे लेकर जिसके साथ सात जन्मों तक साथ निभाने की कसमें खाईं, उसी पति पर अब अपनी पत्नी की हत्या का आरोप लगा है। घटना के दिन भी देर रात पत्नी ने पति को पबजी खेलने की बजाय रोजी रोजगार करने की सलाह दी तो वह भड़क उठा। उसने गमछे से नेहा का गला घोंट दिया।

## सुसाइड से पहले प्रेमिका से कहा- भगवान माफ नहीं करेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम, एजेंसी।** रतलाम में एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मरने से पहले उसने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया, जिसमें अपनी प्रेमिका पर प्यार में धोखा देने और शादी का झांसा देकर 4-5 लाख रुपए ऐंठने का आरोप लगाया। पुलिस ने वीडियो के आधार पर महिला के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का केस दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। घटना पिपलौदा तहसील के



ग्राम उपरवाड़ा की है।

मृतक की पहचान राहुल (32) पिता किशोर पाटीदार के रूप में हुई है। गांव के लोगों ने सोमवार सुबह इंस्टाग्राम पर उसका वीडियो देखा तो वे उसे तलाशते हुए उसकी चाय की दुकान पर पहुंचे। दरवाजा अंदर से बंद था। जाली से देखा तो राहुल फंदे पर लटका हुआ था। वीडियो में युवक ने महिला का नाम लेते हुए कहा- 'तुमने मेरे साथ शादी का गेम खेला। तुमने कहा था कि तुम्हारे साथ शादी करूंगी। मैंने तेरे को बोला था कि अगर तुम शादी करोगी तो ही मुझसे बात करना। तेरी इंस्टाग्राम की एक-एक चैटिंग निकालकर देख लेना, तूने क्या बोला था।' राहुल ने वीडियो में आगे कहा, 'तुमने मुझे बोला था नीमच शादी में जाना है तो मैं तुम्हें नीमच तक छोड़ना आया था। उस दिन भी समझाया था, फिर रिश्ता बिगाड़ा। तुमने फिर मुझसे वादा किया था कि शादी करूंगी। तुमने मुझसे बहुत से पैसे ऐंठे। मेरे घरवालों को भी बताया। 4-5 लाख तो तेरे पास पड़े होंगे। शादी का झांसा देकर तुमने मेरे साथ बहुत गलत किया, इसलिए आज मैं सुसाइड कर रहा हूं, मेरे परिवार को छोड़कर जा रहा हूं। भगवान तुझे माफ नहीं करेगा।'

लेडी डॉक्टर बोली-

## मेरी ड्यूटी खत्म, शिशु की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बालाघाट, एजेंसी। बालाघाट जिला अस्पताल में डिलीवरी के दौरान बच्चे की मौत हो गई। परिजन का आरोप है कि मौके पर मौजूद लेडी डॉक्टर ने ड्यूटी खत्म होने की बात कहते हुए ऑपरेशन से इनकार कर दिया। दूसरी डॉक्टर के आने तक हालात बिगड़ गए और बच्चे की जान चली गई।**

आशा कार्यकर्ता ने कहा- ऑपरेशन के लिए कहने पर ड्यूटी डॉक्टर ने अभद्र व्यवहार किया। सीएमएचओ ने घटना की जांच कराने की बात कही है। मामला सोमवार का है। यहां वारासिवनी निवासी झरना डहरवाल प्रसूति के लिए पहुंची थी। झरना की मौसी सास गीता डहरवाल ने कहा- बहू को सोमवार तड़के 4-5 बजे के बीच प्रसव पीड़ा उठी। ब्लीडिंग होने लगी तो उसे जिला अस्पताल लाए। आशा कार्यकर्ता अनिता जामुनपाने भी साथ में थीं। अस्पताल पहुंचकर हमने तुरंत ऑपरेशन करने की बात कही। मौके पर मौजूद डॉ. रश्मि बाघमारे ने अपनी ड्यूटी खत्म होने का हवाला देते हुए झरना को ऑपरेशन थिएटर से लौटा दिया। कुछ देर बाद दूसरी डॉक्टर आईं। उन्होंने ऑपरेशन किया, तब तक शिशु की गर्भ में ही मौत हो चुकी थी।

## संपादकीय

# खैबर पख्तूनख्वा में राष्ट्रपति शासन की अटकलें

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संसद के दोनों सदनों की 2 दिसंबर को आपात बैठक बुलाई है। बताया जा रहा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को देखते हुए यह बैठक बुलाई गई है। वहीं विदेश यात्रा पर गए पीएम शहबाज शरीफ दौड़े-दौड़े सोमवार रात को इस्लामाबाद वापस आ गए हैं। माना जा रहा है कि इस संसद सत्र में पाकिस्तान-अफगानिस्तान संबंध, सीमा ऑपरेशन और बलूचिस्तान तथा खैबर पख्तूनख्वा इलाके में सुरक्षा चिंता समेत राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मामलों पर रणनीति बनाई जाएगी। वहीं शीर्ष खुफिया सूत्रों का कहना है कि संसद की इस आपात बैठक के पीछे फील्ड मार्शल असीम मुनीर का हाथ है। सीएनएन न्यूज 18 की रिपोर्ट के मुताबिक मुनीर जरदारी के साथ मिलकर एक नया कमांड ढांचा बनाना चाहते हैं। यह पूरी सुनियोजित कोशिश है कि इमरान खान की पार्टी पीटीआई के शासन वाले खैबर पख्तूनख्वा में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। सूत्रों का कहना है कि खैबर प्रांत में राष्ट्रपति शासन लागू करके पाकिस्तानी सेना तालिबान के हाथों शर्मिंदगी से बचना चाहती है। उन्होंने कहा कि शहबाज शरीफ का आनन-फानन में वापस आना, असीम मुनीर को लेकर नोटिफिकेशन जल्द ही आना और संसद की बैठक बुलाना एक समन्वित प्रयास का हिस्सा है। जरदारी, मुनीर और शहबाज शरीफ तीनों ही खैबर प्रांत में इमरान खान की पार्टी से निपटने पर रणनीति बनाएंगे। इसके अलावा गाजा में सेना की तैनाती, अमेरिका के साथ खनिज डील जैसे मुद्दों पर भी चर्चा होगी। माना जा रहा है कि इस बैठक में खैबर प्रांत में राष्ट्रपति शासन लागू होने के बाद वहां क्या ढांचा काम करेगा, इस पर चर्चा होगी। इसके अलावा यह भी चर्चा है कि अगले 24 घंटे में चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जा सकता है। सूत्रों का कहना है कि संसद के जरिए इन सभी कदमों को मान्यता देने की तैयारी है। शहबाज शरीफ चाहती है कि संसद के नाम पर राजनीतिक विवाद से बचा जाय और इमरान खान की पार्टी को खैबर से सत्ता से हटाया जाए। इससे शहबाज शरीफ सरकार दुनिया में होने वाली थू-थू से बच जाएगी। इमरान खान को लेकर हाल ही में संयुक्त राष्ट्र ने भी सवाल उठाया था। खैबर में राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए पाकिस्तानी सेना अफगानस्तिान से जारी विवाद को जानबूझकर जोड़ रही है। इमरान खान की पार्टी ने अपने नेता की सेहत को लेकर गंभीर सवाल उठाया है।

## Health is Wealth

### दिल्ली की हवा जान का दुश्मन

# प्रदूषण, धुंध और सर्दी का कहर इन लापरवाही से तुरंत रहें दूर



प्रदूषित हवा में सांस लेने से न सिर्फ हमारे फेफड़े बल्कि रक्त वाहिकाएं और हृदय भी प्रभावित होता है। हालांकि इन गंभीर सेहत संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप कुछ आम और खतरनाक लापरवाहियों को फौरन सुधारना जरूरी है।

दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र में सर्दियां बढ़ते ही घना धुंध, वायु प्रदूषण और ठंडी हवा का घातक मिश्रण एक गंभीर सेहत संकट पैदा करता है। प्रदूषण का लेवल बढ़ने और गिरते तापमान की वजह से अस्थमा, सांस की समस्याएं, सीओपीडी और ब्रोंकाइटिस के मरीजों की मुश्किलें काफी बढ़ जाती हैं। वहीं वातावरण में मौजूद PM2.5 जैसे सूक्ष्म कण श्वसन मार्ग में स्थायी सूजन की समस्या पैदा करते हैं। बता दें कि इस जानलेवा वातावरण में हमारी रोजमर्रा की लापरवाहियां स्थिति को बदतर बना देती हैं और गंभीर स्वास्थ्य जोखिम पैदा कर सकती हैं।

इसलिए यह समझना बेहद जरूरी है कि प्रदूषित हवा में सांस लेने से न सिर्फ हमारे फेफड़े बल्कि रक्त वाहिकाएं और हृदय भी प्रभावित होता है। हालांकि इन गंभीर सेहत संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए आप कुछ आम और खतरनाक लापरवाहियों को फौरन सुधारना जरूरी है। यह छोटे-छोटे सुधार आपकी सेहत में बड़ा और सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

### ● अधिक AQI में बाहर एक्सरसाइज करना

अधिक AQI वाले वातावरण में बाहर मॉर्निंग वॉक करना या फिर एक्सरसाइज करना सबसे बड़ी लापरवाही है। एक्सरसाइज के दौरान हम तेज और गहराई से सांस लेते हैं। जिस कारण फेफड़ों तक पहुंचने वाले PM2.5 कणों की मात्रा कई गुना बढ़ जाती है। फिर यह कण खून में मिलकर सूजन पैदा करते हैं और हृदय पर भी दबाव डालते हैं।

### ● घर के अंदर धूम्रपान करना या फिर कुछ जलाना

घर के अंदर धूम्रपान करना या धूपबत्ती/मच्छर कॉइल जलाना इनडोर प्रदूषण को बढ़ा देता है। बंद कमरे में इन चीजों का धुआं आसानी से बाहर नहीं निकल पाता है। जिस कारण PM2.5 कणों का लेवल तेजी से बढ़ता है और सांस की नली में जलन पैदा करता है।

### ● मास्क न पहनना

जब AQI 'बहुत खराब' या 'गंभीर' श्रेणी में हो, तब N99 या N95 मास्क न पहनना खतरनाक साबित हो सकता है। यह मास्क ही एक ऐसा प्रभावी तरीका है, जो सूक्ष्म PM2.5 कणों को फेफड़ों तक पहुंचने से रोकता है। बिना मास्क पहने घर से बाहर निकलना हृदय और फेफड़ों को सीधे नुकसान पहुंचाता है।

### ● हाइड्रेशन की कमी

सर्दियों में कम प्यास लगने की वजह से लोग कम पानी पीते हैं। जिस कारण शरीर में डिहाइड्रेशन हो जाता है। इससे श्वसन मार्ग की श्लेष्मा झिल्ली सूख जाती है। सूखी झिल्ली प्रदूषकों और वायरस को फिल्टर करने में कम प्रभावी होती है। जिस कारण सांस की समस्याएं और संक्रमण का खतरा अधिक बढ़ जाता है।



Uttarpradesh

# भीषण टक्कर के बाद बस-ट्रक धधके; आग के बीच चीख-पुकार से गूंजा इलाका, तीन की मौत, 25 घायल

**बलरामपुर, (एजेंसी)** बलरामपुर कोतवाली देहात क्षेत्र के फुलवरिया बाईपास पर मंगलवार भोर लगभग साढ़े चार बजे बड़ा हादसा हो गया। यात्रियों को सोनौली से दिल्ली लेकर आ रही निजी बस की भिड़ंत एक मालवाहक ट्रक से हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कुछ ही क्षण में बस और ट्रक दोनों में आग भड़क उठी।

हादसे में तीन यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 25 यात्री घायल हुए हैं। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय पुलिस, यातायात पुलिस और दमकल टीम ने तुरंत पहुंचकर आग बुझाने तथा राहत-बचाव कार्य शुरू किया।



घटना की सूचना मिलते ही जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन और पुलिस अधीक्षक विकास कुमार मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और राहत कार्यों की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने अस्पताल पहुंचकर घायलों से मिलकर उनकी स्थिति जानी तथा बेहतर चिकित्सा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। पुलिस द्वारा हादसे के कारणों की जांच जारी है। जानकारी के मुताबिक, सोनौली से शहर होते हुए निजी बस फुलवरिया चौराहे पर दिल्ली जाने के लिए गोंडा की ओर बढ़ी थी। बस अभी पूरी तरह चौराहा से गुजर भी नहीं पाई थी कि तभी दूसरी तरफ फुलवरिया ओवरब्रिज की ओर से आ रहा ट्रक सीधे बस के बीचोबीच टकरा गया।

Bihar

## साभार प्रभासाक्षी बिहार में थानाध्यक्ष समेत चार पर हत्या का केस

### 17 साल के लड़के की पुलिस कस्टडी में मौत से कोहराम



**नवादा, (एजेंसी)** नवादा जिले के काशीचक के तत्कालीन थानाध्यक्ष अक्षय कुमार गुप्ता समेत चार लोगों के विरुद्ध हत्या की प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। काशीचक थाने में 27 नवम्बर को दर्ज कांड संख्या-172/25 में थानाध्यक्ष, काशीचक थाना क्षेत्र के भट्टा गांव के कमलेश प्रसाद के बेटे सिंटू कुमार व उसके मामा के अलावा एक अन्य पुलिसकर्मी आरोपित किये गये हैं। मृतक के पिता काशीचक थाने के बौरी गांव के स्व. द्वारिका पंडित के बेटे व अशोक पंडित का आरोप है कि उपरोक्त चारों ने मिलकर थाने में ही उसके बेटे की हत्या कर दी। मामला बौरी गांव के 17 वर्षीय किशोर सन्नी कुमार की पुलिस कस्टडी में संदिग्ध मौत से जुड़ा है।

वादी का आरोप है कि 26 नवम्बर की शाम करीब 07 बजे काशीचक की पुलिस व डायल 112 की टीम उसके घर पहुंची और उसके बेटे सन्नी कुमार को उठाकर थाने ले आयी। पूछने पर पुलिस ने बताया कि उसके बेटे के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। वे लोग भी पीछे-पीछे थाने पहुंचे। जहां उसके बेटे को एक कमरे में रखा गया था। रात 12 बजे पुलिसकर्मियों ने उन्हें वहां से हटा दिया। अगले दिन सुबह 08 बजे थाने पहुंचने पर उसका बेटा नहीं मिला। पुलिस ने कहा कि उसे अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल जाने पर उसके बेटे का शव पुलिस की गाड़ी में पड़ा था।

New Delhi

## दिल्ली के रैन बसेरे में लगी की आग दो लोगों की जिंदा जलने से मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के वसंत विहार इलाके में रविवार देर रात एक रैन बसेरे में भीषण आग लगने से दो लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अर्जुन (18) और विकास (42) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि वसंत विहार के कुली कैंप स्थित रैन बसेरे में आग लगने की सूचना देर रात तीन बजकर 28 मिनट पर मिली थी। अधिकारी ने कहा, "हमने दमकल की चार गाड़ियों को मौके पर भेजा और आग में झुलसे दो लोगों को अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।"

पुलिस ने एक बयान में बताया कि रैन बसेरा 'एसपीवाईएम' एनजीओ द्वारा संचालित है और घटना के समय उसमें सात लोग सो रहे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार, वसंत विहार थाने को देर रात लगभग सवा तीन बजे आग लगने की सूचना मिली। अधिकारी ने बताया, "एक टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां दमकल कर्मी पहले से ही आग बुझाने में लगे हुए थे। पांच लोगों को सुरक्षित बचा लिया गया, जबकि अर्जुन और विकास ने दम तोड़ दिया।"

Uttarpradesh

● खौफ का अंत!

## शामली में बावरिया गैंग का सरगना मिथुन पुलिस एनकाउंटर में ढेर, कार्बाइन-पिस्टल बरामद

**शामली, (एजेंसी)** यूपी के शामली में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है. सोमवार देर रात झिंझाना के बिडोली जंगल में पुलिस मुठभेड़ में बावरिया गिरोह का सरगना और सवा लाख का इनामी मिथुन ढेर हो गया. मुठभेड़ में एसओजी के एक हेड कांस्टेबल घायल हुए हैं, जबकि एक थाना प्रभारी बाल-बाल बच गए. एसपी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया.

एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि रात में सूचना मिली थी कि वेदखेड़ी-मंसूरा मार्ग पर बावरिया गिरोह के सदस्य किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी में हैं. इस सूचना पर झिंझाना पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची.



पुलिस को देखते ही बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी. पुलिस की जवाबी कार्रवाई में सवा लाख का इनामी मिथुन ढेर हो गया. मिथुन का साथी राहुल अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार होने में कामयाब रहा. पुलिस ने फरार साथी की तलाश शुरू कर दी है.

खेल

### विश्व कप में भारतीय महिला टीम का जीत से आगाज

# नामीबिया को 13-0 से रौंदा

**नई दिल्ली। भारत ने जूनियर महिला हॉकी विश्व कप अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए सोमवार को नामीबिया को 13-0 से करारी शिकस्त दी। टीम की ओर से हिना बानो और कनिका सिवाच ने हैट्रिक लगाई। भारत के लिए हिना (35', 35', 45') और कनिका (12', 30', 45') ने तीन-तीन गोल किए। इसके अलावा साक्षी राणा (10', 23') ने दो गोल दागे, जबकि बिनीमा धन (14'), सोनम (14'), साक्षी शुक्ला (27'), इशिका (36') और मनिशा (60') ने भी एक-एक गोल किया। इस जीत के साथ भारत ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया।**





**पहला क्वार्टर-** पहले ही क्वार्टर में भारत ने चार मिनट के भीतर चार गोल दागकर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली। साक्षी ने रिवर्स फ्लिक से शानदार शुरुआत की, जिसके बाद कनिका ने दूसरा गोल दागा। बिनीमा ने तेज रन के बाद तीसरा गोल किया और सोनम के गोल ने भारत को शुरुआती पंद्रह मिनट में 4-0 की बढ़त दिला दी।

**दूसरा क्वार्टर-** दूसरे क्वार्टर में भी भारत का दबदबा जारी रहा। साक्षी ने बेहतरीन दौड़ के बाद जोरदार स्ट्राइक से दूसरा गोल किया। इसके बाद पेनल्टी कॉर्नर से छठा गोल आया। हाफ टाइम से ठीक पहले कनिका ने अपना दूसरा गोल कर भारत को 7-0 की बढ़त दिलाई।

**तीसरा क्वार्टर-** तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में हिना ने जोरदार शॉट के साथ अपना पहला गोल दागा और एक मिनट बाद ही ढीली रिस्टार्ट का फायदा उठाकर दूसरा भी जोड़ दिया। पेनल्टी कॉर्नर पर आए रिबाउंड से इशिका ने दसवां गोल किया। इसके बाद एक और डिफ्लेक्शन पर हिना ने अपनी हैट्रिक पूरी की। कनिका ने भी पेनल्टी कॉर्नर से अपनी हैट्रिक पूरी कर भारत को 12-0 की बढ़त दिलाई।

**चौथा क्वार्टर-** अंतिम क्वार्टर में बेंच के खिलाड़ियों को मौका दिया गया, लेकिन आक्रमण जारी रहा। अंत में मनिशा ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल कर भारत की 13-0 की एकतरफा जीत को अंतिम रूप दिया।

सिनेमा

## रणबीर कपूर की टीम और पपराजी के बीच हुई बहस, पैप्स बोले- अरे हमें...



रणबीर कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'लव एंड वॉर' की वजह से चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ आलिया भट्ट और विकी कौशल भी नजर आने वाले हैं। ऐसे में रणबीर फिल्म से जुड़ी चीजें डिस्कस करने डायरेक्टर संजय लीला भंसाली के ऑफिस पहुंचे, लेकिन फिल्म के डिस्कशन से पहले पपराजी और रणबीर कपूर की टीम के बीच बहस हो गई। दरअसल, सोमवार के दिन रणबीर, संजय लीला भंसाली के ऑफिस पहुंचे। ऐसे में ऑफिस के बाहर खड़े पपराजी उनकी फोटोज लेने लगे, लेकिन रणबीर की सिक्योरिटी ने पैप्स को पीछे हटाना शुरू कर दिया ताकि वे संजय लीला भंसाली के ऑफिस का गेट बंद कर सकें। ऐसे में पपराजी भड़क गए। पपराजी ने कहा कि उन्हें बुलाया गया है। सामने आए वीडियो में जब सिक्योरिटी पपराजी को पीछे हटाने लगीं तब पपराज ये बोलते हुए सुनाई दिए कि "भाई, बुलाया तो है फिर रोका क्यों जा रहा है? मैसेज सबके पास है।" हालांकि, इसके बाद भी पपराजी को अंदर नहीं आने दिया गया। सूत्रों के मुताबिक, मेकर्स रणबीर की फिल्म 'लव एंड वॉर' को 5 जून के दिन रिलीज करने की तैयारी कर रहे हैं। मतलब IPL फिनाले के एक हफ्ते बाद ये फिल्म सिनेमाघरों में आएगी। ऐसे में माना जा रहा है कि सिनेमाघरों में ज्यादा से ज्यादा लोग आएंगे और फिल्म अच्छी कमाई करेगी।

## Highlights

1. We could see blue skies despite stubble burning during covid: SC
2. Navy officer's wife dies after falling from moving train in UP
3. Both Houses adjourned on day 1 of winter session amid Oppn ruckus
4. How professionals navigate hidden risks in today's stock market
5. India's longest glass skywalk bridge opens in Vizag

# GST collections soften in November 2025 in the aftermath of rationalisation move




**NEW DEIHI, (Agency).** India's GST collections softened in November 2025 due to the rationalisation move that reduced the indirect tax of hundreds of items.

Gross GST revenue rose 0.7% year-on-year to ₹1,70,276 crore in November 2025, as against ₹1.95 crore in October 2025, according to provisional data released by the government on Monday (1 December 2025). Still, on a year-to-date basis (April-November 2025), GST collections are up 8.9% annually at ₹14,75,488 crore.

GST refunds fell 4% year-on-year to ₹18,196 crore.

Export refunds rose 3.5%, while domestic refunds fell 12%.

GST from imports increased 10.2% year-on-year to ₹45,976 crore.

The outgoing compension cess fell 69% year-on-year to ₹4,006 crore.

On 22 September, India cut GST rates on hundreds of items—from soaps to small cars—as part of a rationalisation move to reduce the number of tax slabs to two (5% and 18%) from four (5%, 12%, 18% and 28%). A new 40% slab for sin and luxury goods while the compensation cess was done away with.

# A 70% slide in Ola Electric sales clouds revised annual target as well

**NEW DEIHI, (Agency).** EV sales of Ola Electric Mobility Ltd. fell to the lowest in at least 36 months in November 2025, even as the erstwhile market leader finds itself in "sacrifice for survival" mode.

The Bengaluru-based pureplay EV two-wheeler maker sold 8,400 electric scooters and motorcycles in November 2025, as against 29,322 units in the year-ago period—down 71% year-on-year for the month, according to VAHAN data. That's the lowest since at least September 2022, when Ola Electric sold ~9,800 units, and down nearly 80% since peak sales of 53,647 units in March 2024.

This has pushed the erstwhile market leader to the fifth spot in India's pecking order for electric two-wheelers, with even Hero Vida—a relatively late entrant to India's EV space—selling more.



TVS Motor Co. Ltd., Bajaj Auto Ltd. and Ather Energy Ltd. were the Top 3 electric two-wheeler makers in November 2025, in that order.

At 1,16,859 units, India's electric two-wheeler sales in November were the second highest for a month in 2025, but were still down 3% compared to the year-ago period, according to VAHAN data.

Ola Electric vs The Rest

Ola Electric has claimed that the electric two-wheeler market itself is flat.

"While the market has been flat, competition has intensified. Many OEMs have chosen to pursue short-term market share through aggressive discounting and elevated channel incentives, at the cost of profitability," the company said in its shareholder letter after second-quarter results.

# शादी से पहले की जांच हो या किसी कोर्ट केस से संबंधित सबूतों की जरूरत....

# व्यक्तिगत-व्यापारिक जीवन में कोई शंका या सबूत की जरूरत.....

# कहीं किसी के द्वारा धोखा या छल तो नहीं किया जा रहा...

जांचिए ! परखिये !!

ऐसे सारी परिस्थितियों के लिए

## "डिटेक्टिव" को अपना मित्र बनाए ...

गोपनीयता और विश्वनीयता के साथ जांच करवाएं.....तब निर्णय करें ।

समाज में जागरूकता फैलाये ।

FOLLOW US

DETECTIVE GROUP

Detecting the truth.

091110 50101 | www.detectivegroup.in | www.detectivesgroup.com


स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक